# मुख्यमंत्री ने किया जमनालाल बजाज ऑडिटोरियम का शिलान्यास

## चर्चा में क्यों?

19 जुलाई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीकर में बनने वाले जमनालाल बजाज ऑडिटोरियम का शिलान्यास किया।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि राज्य के बजट में 17 ज़िलों में ऑडिटोरियम के निर्माण का प्रावधान किया गया है।
- 30 करोड़ रुपए की लागत से बनने जा रहा यह ऑडिटोरियम 3 हेक्टेयर में फैला हुआ है तथा इसमें 800 लोगों के बैठने की क्षमता है।
- इस ऑडिटोरियम में स्थानीय स्थापत्य कला के अनुसार आर्ट गैलरी, पुस्तकालय, 22 गेस्ट रूम, 2 बेन्क्वेट हॉल, मल्टीपरपज हॉल, कॉन्फ्रेंस रूम एवं ऑफिस का निर्माण होगा। इसमें आधुनिक तकनीक के अनुरूप सभी ऑडियो-वीडियो और लाइव कार्यक्रम की व्यवस्था होगी।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सीकर के काशी का वास गाँव में जन्में जमनालाल बजाज का आज़ादी के आंदोलन में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।
- जमनालाल बजाज ने गांधीजी के जीवन मूल्यों से प्रभावित होकर अपनी पत्नी एवं बच्चों सहित आश्रम में रहना शुरू कर दिया था तथा स्वतंत्रता आंदोलन में जेल भी गए थे। वर्धा में उन्होंने छूआछूत निवारण के लिये लक्ष्मीनारायण मंदिर में हरजिनों का प्रवेश कराया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jamnalal-bajaj-auditorium